वेबसाइट/ई-मेल के माध्यम से

सं.11014/36/2026- रा.भा.(भा.भा.अनु.)
राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
(भारतीय भाषा अनुभाग)

एन.डी.सी.सी. II भवन
चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 25.08.2026

कार्यालय ज्ञापन

**विषय: बहुभाषी अनुवाद सारथी "भारती" की ग्लोबल अनुवाद डेटाबेस को सुदृढ़ करने के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन ।**

राजभाषा विभाग द्वारा सी-डैक पुणे के सहयोग से तैयार अनुवाद टूलभारती - बहुभाषी अनुवाद सारथी" को और अधिक लोकप्रिय बनाने एवं उसके ग्लोबल डेटा बेस को सुदृढ़ करने के उदेश्य से केंद्र/राज्य सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालय/बैंक/उपक्रम/निगम/बोर्ड इत्यादि के अनुवाद से जुड़े अधिकारियों हेतु दिनांक 01 सितंबर, 2026 से 31 जनवरी, 2027 के दौरान भारती के माध्यम से हिंदी या अंग्रेजी से 14 क्षेत्रीय भाषाओं यथा- असमिया,बांग्ला,मणिपुरी, मिजो, उड़िया, पंजाबी, गुजराती, कश्मीरी, मराठी, कोंकणी, तमिल, तेलूगू, कन्नड़ एवं मलयालम में अनुवाद तथा इसके विलोमत: अनुवाद पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के फलस्वरूप इस टूल का प्रयोग करने वाले सभी प्रयोक्ता लाभान्वित हो सकेंगे।

**2. इस प्रतियोगिता के नियम/शर्तें निम्नानुसार हैं:–**

3. इस प्रतियोगिता में केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों /विभागों /सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों /बैंकों/उपक्रमों /निगमों /बोर्डों तथा राज्य सरकार एवं केंद्र शासित प्रदेशों के सभी विभागों सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों, उपक्रमों /निगमों /बोर्डों इत्यादि अपने-अपने राज्य के क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद के क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारी/ कर्मचारी भाग ले सकते हैं ।

4. प्रतिभागियों को अंग्रेजी या हिन्दी से क्षेत्रीय भाषाओं (असमिया,बांग्ला,मणिपुरी, मिजो, उड़िया, पंजाबी, गुजराती, कश्मीरी, मराठी, कोंकणी, तमिल, तेलूगू, कन्नड़, मलयालम) में अनुवाद करने या इसके विलोमत: अनुवाद करने के ज्ञान के साथ-साथ कंप्यूटर पर काम करने की जानकारी भी होनी चाहिए ।

5. प्रतिभागी अनुवाद कार्य भारती के वैब संस्करण के माध्यम से ही करेगा। अत प्रतिभागी भारती के वैब संस्करण पर पंजीकृत होना चाहिए। प्रतिभागी अपने कार्यस्थल से प्रतियोगिता में भाग ले सकता है ।

6 01 सितंबर, 2026 से 31 जनवरी, 2027 के मध्य भारती के ग्लोबल टी.एम. पर अपलोड किए गए अनुवाद कार्य टी.एम. की गणना प्रतियोगिता के लिए की जाएगी । उक्त अवधि (01 सितंबर, 2026 से 31 जनवरी, 2027) के दौरान ग्लोबल टी.एम. में प्रत्येक माह के दौरान कम से कम 1500 वाक्य तथा प्रतियोगिता अवधि (01 सितंबर, 2026 से 31 जनवरी, 2027) में कुल 10,000 वाक्य से अधिक अपलोड करने वाले प्रतिभागियों

को ही प्रतियोगिता में सम्मिलित माना जाएगा । भारती में 10 शब्दों का एक वाक्य माना जाएगा ।

7. वाक्य की गणना करते समय सिस्टम द्वारा अंकों, संक्षिप्त नाम (abbreviation) डुप्लिकेट वाक्य की गणना नहीं की जाएगी ।

8. ग्लोबल वाक्य पर डेटा केवल अधिकृत जांचकर्ता (Vetter) के द्वारा ही अपलोड किया जा सकता है।

9. अनुवादक/जांचकर्ता ग्लोबल टी.एम. पर डेटा अपलोड करते समय टी.एम. की वर्तनी, वाक्य संरचना तथा अनुवाद आदि की तथ्यपरकता एवं गुणवत्ता आदि का विशेष ध्यान रखेंगे। **तथ्यपरक शुद्ध अनुवादित वाक्यों को ही डेटाबेस में डाला जाए।**

**(आ) प्रतियोगिता के दौरान आने वाली समस्याओं हेतु निम्नलिखित प्रकार की सहायता प्राप्त की जा सकती है:-**

1. मंत्रालयों /विभागो/कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों, बोर्डों व निगमों ने भारती के सैंट्रल सर्वर पर डेटा अपलोड (ग्लोबल टी एम ) करने के लिए अपने कार्यालय से जांचकर्ता को अधिकृत नही कराया है, वे अपने कार्यालय से निम्नलिखित फॉर्मेट में सूचना अपने नियंत्रक अधिकारी के माध्यम से techcell-ol@nic.in पर भेजकर जांचकर्ता को अधिकृत करा सकते हैं।

| क्रक्रम संख्या | मंत्रालय/विभाग का नाम | जांचकर्ता (Vetter) का नाम व पदनाम | यूजर आईडी * | मोबाइल संख्या | ई-मेल आईडी | पुष्टि करने वाले अधिकारी का नाम व पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

*कंठस्थ यूजर अपना आई.डी. को भारती के लिए एक्टिवेट करा सकते हैं ।

2. प्रतियोगिता अवधि के समय किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए राजभाषा विभाग तथा सी -डैक की निम्नलिखित टीम सहायता प्रदान करेगी:

| क्रम सं | नाम व पदनाम | संस्थान | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राम प्रवेश शर्मा, अनुभाग अधिकारी | राजभाषा विभाग | 011-23438263/ 7042046065 |
| 2 | श्री दीपक कुमार, निरीक्षक | राजभाषा विभाग | 9568400689 |
| 3 | सुश्री स्वाती सिंह, प्रोजेक्ट इंजीनियर | सी-डैक | 8210571452 |

**(इ) प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा:–**

प्रतियोगिता का परिणाम अवधि की समाप्ति के बाद को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा है ।

(इ) प्रतियोगिता हेतु पुरस्कारों का प्रत्येक भाषा के लिए निम्नलिखित प्रकार रखा गया है:-
(1) प्रतियोगिता के लिए सभी कार्यालयों को 03 श्रेणियों में विभाजित किया गया है।
(क) केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय एवं केंद्र सरकार/राज्य सरकारों/ केंद्र शासित प्रदेशों के सभी विभाग/सम्बद्ध कार्यालय/अधीनस्थ कार्यालय ।
(ख) राज्य सरकारों के सभी विभाग, कार्यालय
(ग) सभी बैंकों के मुख्यालय एवं उनके अधीनस्थ कार्यालय । सभी उपक्रमों/निगमों/बोर्डों/ स्वायत्त संस्थानों के मुख्यालय एवं उनके अधीनस्थ कार्यालय।

2. 06 माह की प्रतियोगिता अवधि के दौरान दो तरह के सम्मान प्रदान किए जाएंगे: -
(1) प्रत्येक माह के दौरान किए गए सर्वाधिक अनुवाद/वैटिंग कार्य के लिए उपर्युक्त क्रम संख्या (क) (ख) एवं (ग) में सूचीबद्ध प्रत्येक श्रेणी के लिए 01 अनुवादक एवं 01 जांचकर्ता का सचित्र विवरण भारती की वेबसाइट पर मासिक आधार पर प्रदर्शित किया जाएगा।
(2) 06 माह की अवधि अर्थात 01 सितंबर, 2026 से 31 जनवरी, 2027 के दौरान भारती के ग्लोबल टी.एम. में सर्वाधिक टी.एम. जोड़ने वाले उपर्युक्त तीन श्रेणियों के शीर्ष 03-03 अनुवादकों तथा 03-03 जांचकर्ताओं को राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले आगामी अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन/क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन/तकनीकी सम्मेलन में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

(दिनेश कुमार झा)
अवर सचिव (भा.भा.अनु.)

प्रति -

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/ विभाग –अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता को अपने संबंद्ध व अधीनस्थ कार्यालयों की जानकारी में लाएं एवं प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करें।
2. सभी राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश-अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता को अपने राज्य सरकार के कार्मिकों की जानकारी में लाएं एवं प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करें।
3. भारत सरकार के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा राष्ट्रीयकृत बैंको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक - अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता को अपने संबंद्ध व अधीनस्थ कार्यालयों की जानकारी में लाएं एवं प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करें।
4. राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय – अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता के बारे में अपने क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों,उपक्रमों,बैंकों,वित्तीय संस्थाओं तथा केंद्र सरकार के स्वामित्व में आने वाले विश्वविद्यालयों, शैक्षिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को बताएं एवं प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करें।
5. सी डैक पुणे को इस अनुरोध के साथ कि वे प्रतियोगिता के सुचारु संचालन में

सहयोग प्रदान करें।

6. भारती के सभी पंजीकृत प्रयोक्ताओं को इस अनुरोध के साथ कि वे कृपया नियमानुसार प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता करें ।

(दिनेश कुमार झा)
अवर सचिव (भा.भा.अनु.)